न्यायालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,भरतपुर

प्रा.पत्र / 2023/[illegible]

दी भरतपुर अरबन को- ऑपरेटिव बैंक लि. जरिये प्राधिकृत अधिकारी

....प्रार्थी / सिक्योर केडिटर

बनाम

1- देवीराम और नरेन्द्र कुमार पुत्र दयाचन्द और देवी राम, मानसिंह सर्किल पुराने बिजली घर के पास भरतपुर

......अप्रार्थी ऋणी

2- नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र देवी राम शर्मा, मानसिंह सर्किल पुराने बिजली घर के पास भरतपुर

......अप्रार्थी ऋणी / सम्पत्ति मालिक

3-सुरेश चंद शर्मा पुत्र रघुनाथ प्रसाद शर्मा गणेश कालोनी सेवर रोड भरतपुर

4-सुभाष चंद पुत्र बुद्धि लाल शर्मा मथुरा गेट बाहर गोल बाग रोड भरतपुर

......अप्रार्थी गारन्टर

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रीकनस्ट्रशन ऑफ फाइनान्सियल एसेटस एण्ड एनफोरसमेन्ट ऑफ इन्टरस्ट एक्ट 2002 एतद् पश्चात एक्ट से संबोधित किया गया है बंधक सम्पति का कब्जा सुपुर्दगी बावत।

कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भरतपुर (राज.)

आदेश दिनांक 25.10.2023

प्रार्थी द्वारा यह प्रार्थना पत्र विरुद्व अप्रार्थी0 अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूतिकरण प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत विरुद्व अप्रार्थी0 ऋणी से बंधक सम्पति का कब्जा दिलाये जाने प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि अप्रार्थी0 ने दिनांक 02-06-2011 को 600000/- (छः लाख रुपये) रुपये की ऋण सुविधा ली थी। उक्त प्राप्त ऋण सुविधा के ऐवज में अप्रार्थी ने पुराना बिजली घर मथुरा गेट भरतपुर जिला भरतपुर स्थित अपनी अचल आवासीय सम्पत्ति जिसकी सीमाऐं निम्न है उत्तर में- दोनर का घर, दक्षिण में - नत्थी का घर, पूर्व में- रास्ता , पश्चिम में - मगन का घर स्थित है को प्रार्थी बैंक के हक में बंधक किया था व बंधक विलेख निष्पादित किया था।

अप्रार्थी0 के द्वारा ऋण राशि एवं ब्याज राशि को समय अवधि में जमा नही कराई गई, जिसके कारण अप्रार्थी/ऋणी के खाता को दिनांक 29-02-2012 को एन.पी.ए.(अनर्जक परिसम्पत्ति) घोषित कर दिया गया। प्रार्थी बैंक के दिनांक 12-07-2023 तक 1969638/- रुपये ब्याज एवं अन्य खर्चे अप्रार्थी0 पर बकाया निकलता है। जिसको अप्रार्थी0 ऋणी के द्वारा जमा नहीं कराया गया है। प्रार्थी बैंक द्वारा एक्ट की धारा 13(2) का रजिस्टर्ड नोटिस दिनांक 09-03-2023 अप्रार्थी0 को बकाया ऋण अदायगी हेतु जारी किया गया, और उनसे आग्रह किया गया कि वह इस नोटिस की प्राप्ती के 60 दिवस के अन्दर समस्त बकाया रकम को मय ब्याज अदा करें। किन्तु अप्रार्थी0 द्वारा निर्धारित समय अवधि 60 दिवस के बाद भी कोई राशि जमा नही की गई है। बैंक द्वारा ऋण राशि एवं देय ब्याज राशि की अदायगी हेतु सभी प्रयास

..........2

जिला कलक्टर
भरतपुर (राज0)

प्रा.पत्र/ 2023/46'ग'

दी भरतपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक बनाम देवीराम वगै.

करने के बावजूद भी ऋणी द्वारा ऋण राशि अदायगी नहीं की गई है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ऋण सुविधा प्राप्त करते समय बन्धक रखी गई उपर्युक्त सम्पत्ति का भौतिक कब्जा प्राप्त करने के लिये पुलिस की सहायता उपलब्ध कराये जाने की प्रार्थना की गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अप्रार्थीगण ने उक्त प्राप्त सुविधा के ऐवज में अपनी उपर्युक्त सम्पत्ति को प्रार्थी के हक में वंधक किया था व वंधक विलेख निष्पादित किया था। प्रार्थी बैंक द्वारा एक्ट की धारा– 13(2) का नोटिस रजिस्टर्ड दिनांक 09–03–2023 अप्रार्थी0 को बकाया ऋण अदायगी हेतु जारी किया गया, उक्त नोटिस की निर्धारित समय अवधि 60 दिवस के बाद भी अप्रार्थीगण द्वारा राशि जमा नहीं की गई हैं। बैंक द्वारा ऋण राशि एवं देय ब्याज राशि की अदायगी हेतु सभी प्रयास करने के बावजूद भी अप्रार्थी ऋणी द्वारा ऋण राशि अदायगी नहीं की गई है। वैंक के द्वारा वसूली हेतु सभी तरह के प्रयास के बाबजूद राशि नही चुकाने पर अन्तिम रुप से उक्त एक्ट की धारा 14 के तहत यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः ऐसी स्थिति में अप्रार्थीया/ऋणी के द्वारा ऋण सुविधा लेते समय बन्धक रखी गई उपर्युक्त अचल सम्पति का कब्जा प्राप्त करने के लिये पुलिस सहायता हेतु निर्देश किया जाना उचित पाते हैं।

अतः आदेश है कि :–

अतः उक्त प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर आदेशित किया जाता है कि अप्रार्थी0 द्वारा प्रार्थी बैंक से ऋण सुविधा लेते समय उक्त प्राप्त ऋण सुविधा के ऐवज में पुराना विजली घर मथुरा गेट भरतपुर जिला भरतपुर स्थित अपनी अचल आवासीय सम्पत्ति जिसकी सीमाऐं निम्न है उत्तर में– दोनर का घर, दक्षिण में – नत्थी का घर, पूर्व में– रास्ता , पश्चिम में – मगन का घर स्थित है स्थित है को प्रार्थी बैंक के हक में वंधक किया था व वंधक विलेख निष्पादित किया था उसका भौतिक कब्जा लेने हेतु प्रार्थी बैंक को जरिये प्रतिनिधि अधिकृत किया जाता है। निर्णय की प्रति जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित की जाती है कि प्रार्थी के खर्चे पर उनकी आवश्यकतानुसार चाहे जाने पर पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जावे।

(लोक बंधु)
जिला मजिस्ट्रेट एवं कलक्टर
भरतपुर

(राज.)